पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने आई0ए0एस0 वीक पर दिया रात्रिभोज

राजभवन में आयोजित किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम

लखनऊ 14 दिसम्बर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आई0ए0एस0 सर्विस वीक के अवसर पर आज राजभवन में आई0ए0एस0 एसोसिएशन के सदस्यों को रात्रि भोज पर आमंत्रित किया। रात्रिभोज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य, मुख्य सचिव श्री राजीव कुमार, आई0एस0एस0 एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री प्रवीर कुमार, सचिव श्री आलोक कुमार सहित प्रदेश के आई0ए0एस0 अधिकारी सपत्नीक उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य सूचना आयुक्त श्री जावेद उस्मानी, राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सतीश अग्रवाल, अध्यक्ष जल निगम श्री जी0 पटनायक, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड श्री राकेश गर्ग सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे। रात्रिभोज के बाद आई0ए0एस0 एसोसिएशन द्वारा राजभवन के गांधी सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आई0ए0एस0 अधिकारियों द्वारा गायन एवं नृत्य, नाटक, कविता एवं समूह गायन में अपनी प्रस्तुतियाँ दी गयी। समारोह में श्रीमती मालिनी अवस्थी द्वारा समूह नृत्य एवं गायन की बेहतरीन प्रस्तुतिकरण दिया गया।

अंजुम/ललित/राजभवन(471/30)

मा. मुख्यमंत्री
मा. उप मुख्यमंत्री